भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
''खनिज भवन'' भोपालपानी, देहरादून
(E-mail id - dir.ukdgm@gmail.com)

सेवा में,

समस्त सोपस्टोन/मैग्नेसाईट/
लाईमस्टोन/सिलिका सैण्ड पट्टाधारक,
उत्तराखण्ड।

संख्या /मु0ख0 VIII(i)/244/ मू0खनि0निदे0/2025–26, दिनांक 15 नवम्बर, 2025

विषयः– राज्य अन्तर्गत स्वस्थानें (In-situ) चट्टानों पर आधारित स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्रों के **Slope Stability Analysis का अध्ययन कार्य किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास (खनन) अनुभाग–1 के पत्र संख्या 2119/VII-A-1/2025–09(104)/2023 दिनांक 27 अगस्त, 2025 के माध्यम से मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा मूल आवेदन सं0 78/2023 दुर्गा सिंह पंवार बनाम राजेन्द्र सिंह दफौटी व अन्य में पारित आदेश दिनांक 08.11.2024 के समादर में राज्य अन्तर्गत स्वस्थानें (In-situ) चट्टानों पर आधारित स्वीकृत खनन पट्टा क्षत्रों के Slope Stability Analysis के अध्ययन कार्य हेतु भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) रूड़की के पत्र दिनांक 08.08.2025 द्वारा सुझाये गये मानक व मापदण्ड को Expression of Interest के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए Slope Stability Analysis का कार्य करने वाले निजी फर्म/कम्पनी/इकाईयों को तद्नुसार उक्त मानकों/मापदण्डों के अनुसार कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में सूचीबद्ध किये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में राज्य अन्तर्गत स्वस्थानें (In-situ) चट्टानों पर आधारित स्वीकृत खनन पट्टा क्षत्रों के Slope Stability Analysis के अध्ययन कार्य हेतु Safe Mine Tech Solutions (I) Private Limited, C-635, Khaturia Colony, Bikaner, Rajasthan को सूचीबद्ध (Empanelment) किया गया है, जिनका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | सूचीबद्ध की गयी कम्पनी का नाम | दूरभाष नम्बर | ई–मेल आई0डी0 |
|---|---|---|---|
| 01 | **Safe Mine Tech Solutions (I) Private Limited, C-635, Khaturia Colony, Bikaner, Rajasthan** | 7627097188 | **info@safeminetech.in** |

अतः उक्त सूचीबद्ध (Empanelment) कम्पनी के माध्यम से अपने पक्ष में स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र की Slope Stability Analysis का कार्य तत्काल सम्पन्न कराने उपरान्त अध्ययन रिपोर्ट/आख्या तत्काल निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

*संलग्न– उपरोक्तानुसार।*

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अपर निदेशक,
कृते निदेशक।

संख्या 4781 /मु0ख0 VIII(i)/244/ मू0खनि0निदे0/2025–26, तद्दिनांकित

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, औद्योगिक विकास (खनन), उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
3. समस्त जिला खान अधिकारी, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तराखण्ड को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने–अपने जनपद अन्तर्गत स्वस्थानें (In-situ) चट्टानों पर आधारित स्वीकृत खनन पट्टों के पट्टाधारकों को Slope Stability Analysis के अध्ययन कार्य कराये जाने हेतु सूचित करना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

4. प्रभारी अधिकारी आई0टी0 सैल को इस निर्देश के साथ प्रेषित राज्य अन्तर्गत स्वस्थानें (In-situ) चट्टानों के समस्त पट्टाधारकों को उक्त के सम्बन्ध में ई–मेल के माध्यम से सूचित करना सुनिश्चित करें।

14/11/25

(अनिल कुमार)
अपर निदेशक,
कृते निदेशक।

Scanned with OKEN Scanner